पगारा डैम का जलस्तर 654.5 फीट, स्वचलित एक गेट खुला

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 17 जुलाई। स्वचलित एक गेट से पानी का

कैचमेंट एरिया में हो रही बारिश से लगातार आ रहा पानी

डिस्चार्ज होने के बाद भी पगारा डैम का जलस्तर 654.5 फीट बना हुआ है। जिसकी वजह डैम के कैचमेंट एरिया में जोरदार बारिश का होना है।

मंगलवार की शाम को डैम के पूरी तरह फुल होने के बाद स्वचलित एक गेट खुल गया था। जिसके बाद डैम से पानी का डिस्चार्ज आसन नदी में हो रहा था। तब उम्मीद लगाई जा रही थी कि डैम के जलस्तर में गिरावट आएगी। लेकिन कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के कारण पगारा डैम का जलस्तर अब भी पूर्ण क्षमता 654 फीट से ऊपर बना हुआ है। गुरूवार की शाम को भी जलस्तर 654.5 फीट दर्ज किया गया था। जल संसाधन विभाग के सहायक यंत्री राहुल यादव ने बताया कि डैम में जलस्तर की लगातार निगरानी की जा रही है। डैम पर पर्यटकों की आवाजाही को पूरी तरह से रोक दिया गया है। वहीं डैम का एक गेट खुलने से पहले ही आसन नदी किनारे बसे गांवों में अलर्ट जारी कराया जा चुका है।

60 पेटी शराब-5 पेटी बियर के साथ एक युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 17 जुलाई। अवैध रूप से बेचने के लिए छुपाकर रखी गई 60 पेटी देशी शराब और 5 पेटी बियर के साथ चिन्नौनी पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। जब्त की गई शराब की कीमत 3 लाख रूपये आंकी गई है।

चिन्नौनी थाना प्रभारी एसआई एसडी बाथम को मुखबिर ने

चिन्नौनी थाना पुलिस की भर्रा पंचायत के छेड़िया गांव में कार्रवाई

सूचना दी थी कि भर्रा पंचायत के मजरा छेड़िया में एक व्यक्ति ने अपने घर के पास भारी मात्रा में शराब छुपाकर रखी है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छेड़िया गांव में सुंदर सिंह 45 पुत्र दाताराम कुशवाह के घर के पास छापा मारा। पुलिस को मौके से छुपाकर रखी गई देशी शराब की 60 पेटियां और हंटर बियर की 5 पेटियां

मिलीं। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। जब्त की गई शराब और बियर की कीमत 3 लाख रूपये आंकी गई है।

आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री बाथम के साथ एसआई ऋषिकेश शर्मा, प्र.आर. गिर्राज, बृजेन्द्र तोमर, मुकेश जाट, आरक्षक नवीन, अमित, किशन कटारा, सुनील, कुशवेन्द्र शामिल थे।

11 हजार की शराब, बियर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

चिन्नौनी थाने की पुलिस ने बुधवार को मोहनपुर गांव से दीप सिंह पुत्र प्रयाग सिंह परमार नि. मोहनपुर को 40 क्वार्टर देशी शराब और बियर की 35 केन के साथ पकड़ा। जिसका मूल्य 9 हजार रूपये है। एक अन्य कार्रवाई में पुलिस ने मोहनपुर गांव से मोनू पुत्र गोधन सिकरवार को देशी शराब के 20 क्वार्टर के साथ पकड़ा। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किए गए है।

रेत के अवैध उत्खनन के मामले में दोषी को 1 वर्ष सश्रम कैद

नवभारत न्यूज

मुरैना, 17 जुलाई। प्रतिबंधित चंबल नदी से अवैध रूप से उत्खनन करने के बाद ट्रेक्टर-ट्रॉली में परिवहन करते हुए पकड़े गए युवक को न्यायिक मजिस्ट्रेट

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी मुरैना ने सुनाया फैसला

प्रथम श्रेणी मुरैना अमित प्रताप सिंह ने 1 वर्ष सश्रम कारावास और 7 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किए जाने का फैसला सुनाया है। अभियोजन की ओर से पैरवी सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती बबीता गुप्ता ने की।

मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि 23 जून 2015 को टास्क फोर्स ने पीछा करने के बाद चंबल नदी की रेत से भरे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ा था। ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित नहीं था। पुलिस ने आरोपी पूरन सिंह पुत्र नारायण सिंह गुर्जर निवासी ग्राम गड़ौरा, सरायछौला के विरुद्ध वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम-1972 की धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था। जांच के दौरान ट्रॉली में भरा हुआ रेत चंबल नदी के कुल्हाड़ा घाट का होना पता चला। न्यायालय ने अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्यों एवं तर्कों से सहमत होकर आरोपी पूरन सिंह को दोषी माना और 1 वर्ष सश्रम कैद एवं 7 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

हार-जीत का दांव लगा रहे 10 जुआरी पकड़े, 12 हजार जब्त

मुरैना, 17 जुलाई। माताबसैया थाना पुलिस ने बुधवार को खेड़ा मेवदा गांव में रहने वाले इंद्रजीत चौहान के घर के पास ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगा रह इंद्रजीत चौहान, विशंभर, सिद्धार, रामू, धर्मेन्द्र, संजय, बंटी उर्फ हरिविलास, महेश चौहान, वृंदावन और शिवसिंह को पकड़ा। आरोपियों से नकदी 12 हजार 600 रूपये और ताश की गड्डी जब्त कर पुलिस ने जुआ एक्ट का अपराध दर्ज किया है।

शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है गुरू : धनराजू

नवभारत न्यूज

मुरैना, 17 जुलाई। गुरू वो होता है जो अपने शिष्य को अंधकार से प्रकाश के रास्ते पर ले जाने का मार्ग दिखाता है। किताबों से हम जो सीखते हैं, जिन क्षणों को हम जीकर जो अनुभव प्राप्त करते है, वो ही वास्तविक ज्ञान होता है।

मप्र शिक्षक संघ का गुरू वंदना कार्यक्रम आयोजित

यह बातें विभाग प्रचारक धनराजू ने कहीं। वे, मप्र शिक्षक संघ द्वारा आयोजित गुरू वंदन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन 16 जुलाई को शासकीय मॉडल हाईस्कूल मुरैना में हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला शिक्षाधिकारी, मॉडल स्कूल के प्राचार्य श्याम सिंह तोमर, शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिंह सिकरवार, संभागीय सचिव राघवेंद्र सिंह धाकरे, रामावतार सिंह सिकरवार, राम गुप्ता उपस्थित थे। अतिथियों का परिचय मप्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह परिहार ने कराया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीईओ श्री सक्सैना ने कहा कि मप्र शिक्षक संघ राष्ट्रहित, छात्र हित और समाज के साथ शिक्षकों के हितों के लिए गतिमान है। प्रांतीय उपाध्यक्ष रामबरन सिकरवार ने संगठन की रूपरेखा प्रस्तुत की।

संभागीय सचिव राघवेंद्र सिंह ने कहा कि कि गुरुजनों के संस्कारों और उनके माध्यम से शिक्षार्जन कर मनुष्य श्रेष्ठ जीवन जीने के रास्ते पर प्रशस्त होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्यामवीर सिंह राठौड़ ने कहा कि इस समय गुरू और शिष्य की परंपरा में मैकाले की शिक्षा पद्धति को अपनाने के कारण अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

मप्र शिक्षक संघ जैसे संगठन गुरु वंदन कार्यक्रम आयोजित कर समाज और बच्चों में माता-पिता और गुरु के प्रति श्रद्धा की भावना को बढ़ाने का काम कर रहे है।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती बिंदु सोलंकी ने किया। आभार प्रदर्शन रामावतार सिंह सिकरवार ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पीके त्यागकी, धर्मेन्द्र भारद्वाज, रजनी भदौरिया, सुरेन्द्र धाकड़, चरणदास पिप्पल, गौरव तोमर, सुरेन्द्र सिकरवार, रंजीत वर्मा, महेश शर्मा, राकेश मावई, रणवीर कंषाना, कप्तान सिंह कुशवाह, कुलदीप सोलंकी, संजय दीक्षित, मनोज शर्मा, अरविंद सिकरवार, राजेन्द्र सोलंकी, विनोद कुमार गुप्ता, सीताराम सिकरवार, संध्या चौहान, अंजना सिकरवार, ममता शर्मा, गीता, प्रीति शर्मा, गीता तोमर, राजकुमारी, राजरानी चौहान सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

डीपी से तार डालने को लेकर मारपीट, मां-बेटा समेत 4 जख्मी

नवभारत न्यूज

मुरैना, 17 जुलाई। भैंसरौली गांव में डीपी से तार जोड़ने को लेकर चचेरे भाईयों के बीच विवाद हो गया। विवाद को लेकर चचेरे भाईयों ने लाठी, डंडों से

बागचीनी क्षेत्र के भैंसरौली गांव में हुई घटना

मां-बेटे सहित चचेरी भाभी और भतीजे की मारपीट कर डाली। हमले में जख्मी हुए 4 लोगों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

जानकारी के अनुसार बागचीनी क्षेत्र के भैंसरौली गांव में रहने वाला बृजेश सिंह 45 पुत्र रामवीर सिंह सिकरवार गुरूवार की सुबह डीपी से अपना तार जोड़ रहा था। तार जोड़ने को लेकर बृजेश का उसके चाचा सुरेश सिंह और चचेरे भाईयों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर चाचा सुरेश सिंह ने अपने पुत्र अनिल, मनीष और परिवार की महिलाओं के साथ मिलकर बृजेश की मारपीट करना शुरू कर दी। बृजेश को बचाने के लिए उसकी मां रामसखी देवी 65 पत्नी रामवीर सिंह, गीता 38 पत्नी बृजेश सिंह और मनमोहन सिंह 16 पुत्र बृजेश सिंह मौके पर पहुंचें तो उन्होंने उन तीनों की भी लाठियों से मारपीट कर डाली। जिससे सभी चारों लोग जख्मी हो गए। चारों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

बकायादारों से वसूले 2.12 लाख, 24 कनेक्शन काटे

नवभारत न्यूज

मुरैना/जौरा, 17 जुलाई। जौरा में विद्युत बकायादारों से राशि वसूली का अभियान बिजली कंपनी द्वारा लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुरूवार को कंपनी के अधिकारियों के मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में निरीक्षण कर 24 उपभोक्ताओं के विरुद्ध

जौरा में बिजली कंपनी का वसूली अभियान जारी

कनेक्शन काटने की कार्रवाई की। इसी दौरान टीम ने बकायादारों से 2 लाख 12 हजार की राशि भी वसूली।

बिजली कंपनी के सहायक यंत्री पीएस यादव, कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गुरूवार को कंपनी की टीम ने नगर के शोभाराम का पुरा, एमएस रोड, पगारा रोड, इस्लामपुरा, सुभाष रोड, हनुमान चौराहा, सदर बाजार, डाकखाना रोड आदि स्थानों पर अभियान चलाते हुए 24 विद्युत उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे। टीम ने बकायादारों से 2 लाख 12 हजार रूपये की राशि राजस्व के रूप में वसूली। टीम में मनोज जाटव, घनश्याम सिकरवार, अमरकांत शर्मा, मनोज सविता, अहसान खान, बृजमोहन धाकड़, अलीमुद्दीन खान, हरिओम कुशवाह, ऋषिकेश कुशवाह, भारत मीणा आदि शामिल थे।

स्व. घनश्याम गुप्ता की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आज

मुरैना/पोरसा, 17 जुलाई। दिवंगत पत्रकार घनश्यामदास गुप्ता की पुण्यतिथि पर आज कस्बा पोरस के शिवम मैरिज गार्डन में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समाजसेवियों, पत्रकारों एवं प्रशासन और पुलिस अधिकारियों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में अंबाह विधायक मुख्य अतिथि रहेंगे। एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार, एसडीओपी रविप्रकाश सिंह भदौरिया, नपाध्यक्ष श्रीमती कुसुमादेवी रामवीर सिंह तोमर, जपं अध्यक्ष अनुराधा देवेश सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सुधीर आचार्य द्वारा किया जाएगा।

ऑटो में अंबाह जा रहे अधेड़ की जेब से 70 हजार पार

नवभारत न्यूज

मुरैना, 17 जुलाई। अंबाह के पशु मेले में भैंस खरीदने के लिए ऑटो में सवार होकर जा रहे एक अधेड़ व्यक्ति की जेब में रखे 70

भैंस खरीदने के लिए मुरैना से जा रहे थे अंबाह

हजार रूपये अज्ञात बदमाश ने पार कर दिए। घटना माताबसैया थाना क्षेत्र में जींगनी गांव के पास होना बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार मुरैना शहर की तुलसी कॉलोनी की डॉ. जफर वाली गली में रहने वाला पूरन सिंह कुशवाह 55 पुत्र प्यारेलाल कुशवाह गुरूवार को अंबाह के पशु मेले से भैंस खरीदने के लिए घर से 70 हजार रूपये लेकर निकला था। रामनगर तिराहे से पूरन अपने एक साथी के साथ अंबाह जाने के लिए ऑटो में सवार हो गया। ऑटो में एक अन्य युवक भी बैठा हुआ था। जब ऑटो जींगनी पहुंचीं तो वहां खड़ा एक अन्य युवक भी ऑटो में सवार हो गया। कुछ देर बाद ऑटो में बैठे दोनों युवक पेट्रोलपंप के पास उतर गए। उन दोनों के उतरने के बाद जब पूरन ने अपने पैंट की जेब में रखे 70 हजार रूपयों को देखा तो वे गायब थे। पूरन के अनुसार ऑटो में बैठे युवक ने उसकी जेब से रूपये पार कर दिए थे। ऑटो से उतरने के बाद पूरन सिटी कोतवाली पहुंचा, जहां से घटना माताबसैया क्षेत्र की होना बताते हुए उसे संबंधित पुलिस थाने जाने को कहा गया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

सांसद ने भूमिपूजन किया

दतिया, 17 जुलाई। भिण्ड-दतिया सांसद श्रीमती संध्या राय ने भाण्डेर विधानसभा की ग्राम पंचायत बागपुरा में सामुदायिक भवन तथा ग्राम पंचायत सलेतरा में पंचायत भवन निर्माण का भूमिपूजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर एवं मां सरस्वती की वंदन कर किया गया। सांसद श्रीमती राय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि दतिया जिले की विधानसभा की छोटी से छोटी पंचायत तक विकास किया जाएगा।

शिवलिंग निर्माण कल से, आज अंबाह आएंगे अभिनेता राजपाल

नवभारत न्यूज

मुरैना/अंबाह, 17 जुलाई। ब्रह्मलीन संत देवप्रभाकर शास्त्री

अंबाह की जैन बगीची में पार्थिव शिवलिंग निर्माण महारुद्र यज्ञ का आयोजन

दद्दाजी के मिशन को आगे बढ़ाते हुए गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी के सानिध्य में दद्दा शिष्य परिवार अंबाह-बरेह एवं पोरसा द्वारा समाज कल्याण, राष्ट्र कल्याण व आत्मशांति महायज्ञ हेतु नगर स्थित जैन बगीची में 19 से 21 जुलाई तक तीन दिवसीय पार्थिव शिवलिंग निर्माण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन से पूर्व, पार्थिव शिवलिंग निर्माण की मूल प्रक्रिया मिट्टी की गोलियों का निर्माण भी आज शाम से शुरू होगा। दद्दा शिष्य परिवार चंबल परिक्षेत्र के मीडिया प्रभारी आकाश शुक्ला ने बताया कि आयोजन की प्रेरणा ब्रह्मलीन संत

पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा से प्राप्त हुई है। दद्दा जी द्वारा प्रारंभ किए गए इस महायज्ञ अभियान में अब तक 130 से अधिक बार सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण किए जा चुके हैं। इस कार्यक्रम में देशभर से श्रद्धालुओं की भागीदारी करने का अनुमान है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन और पूजा की सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। कार्यक्रम में जाने-माने फिल्म अभिनेता राजपाल यादव भी सम्मिलित होंगे। जिसके लिए वे आज शुक्रवार को अंबाह पहुंचेंगे। मीडिया प्रभारी आकाश शुक्ला ने बताया कि रुद्रियों के निर्माण हेतु मिट्टी की गोलियों का निर्माण आज शाम से होगा। इस तरह 20 जुलाई तक प्रतिदिन शाम 4:30 बजे से मिट्टी की गोलियों का निर्माण किया जावेगा। शिवलिंग निर्माण का विराट कार्यक्रम 19 जुलाई को प्रात: 7:00 से प्रारंभ होगा जो दोपहर 12 बजे तक चलेगा। धर्म प्रवाहना के लिये प्रतिदिन दोपहर 12 से 01 बजे गृहस्थ संत डॉ. अनिल त्रिपाठी द्वारा प्रवचन किए जायेंगे। दोपहर 1 बजे से महारुद्राभिषेक प्रारंभ होगा। आयोजन के मध्य में राधे-राधे मंडल सागर द्वारा निरंतर सुमधुर धार्मिक भजन प्रस्तुत किये जाएंगे।

आम सूचना

श्री ओमप्रकाश रजक पुत्र श्री हेतराम के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पति भूखण्ड स्थित एम. एस. डी. बाबू लाइन कतर, ग्राम जैतपुर नूराबाद, तहसील बामौर व जिला मुरैना (म.प्र.) है जो नगर पंचायत बामौर वार्ड क्र.10 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.137/5/2 एवं 138/3/31/1 ग्राम जैतपुर नूराबाद का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट है और चतुर्सीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में-रास्ता, पश्चिम में-सम्पति स्वामी, उत्तर में- सम्पति स्वामी एवं दक्षिण में- सम्पति स्वामी है। उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति पूर्व में श्रीमती बसंती अग्रवाल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्रीमत बसंती अग्रवाल एवं अन्य द्वारा उक्त सम्पति एवं संलग्न अन्य सम्पति श्री बृजमोहन पवैया पुत्र श्री प्रीतमलाल उर्फ पीतम लाल पवैया को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.4246 दिनांक 20.08.2010 से विक्रय की गई। श्री बृजमोहन पवैया द्वारा सम्पति 5225 वर्गफुट एरिया श्री हाकिम सिंह, श्री शिव सिंह पुत्रगण श्री चक्रपान सिंह बघेल को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.884 दिनांक 29.05.2015 से विक्रय की गई। श्री हाकिम सिंह द्वारा उक्त सम्पति श्री ओमप्रकाश रजक पुत्र श्री हेतराम को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.एमपी 21आईजीआर 17912025ए100092840 दिनांक 14.02.2025 से विक्रय की गई। श्री ओमप्रकाश रजक द्वारा उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार आवास फायनेंसियर्स लिमिटेड वितीय संस्थान डबरा के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांकों के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या-भवन क्र.52, कैलाश विहार,
फैडरल बैंक के पास
सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)
मो.नं. 98276-72710

रपटे की मजबूती और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए : एडीएम

नवभारत न्यूज

भाण्डेर, 16 जुलाई। अपर जिला दंडाधिकारी (एडीएम) महेंद्र सिंह

मरीजों को मिलने वाली सुविधा व साफ-सफाई की जानकारी ली

कवचे ने गुरुवार को भांडेर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग, मोंठ मार्ग पर बने रपटे और रामगढ़ रोड पर बने नवीन तहसील भवन का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति की जानकारी ली। इसके साथ ही अस्पताल परिसर में मौजूद समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता बनी रहनी चाहिए। एडीएम मोंठ मार्ग पर स्थित रपटे का निरीक्षण करने पहुंचे। इस रपटे से गुजरते समय उन्होंने सड़क की स्थिति और जलभराव की समस्या का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कहा कि रपटे की मजबूती और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए, ताकि बारिश के मौसम में किसी प्रकार की दुर्घटना या परेशानी न हो। यदि आवश्यक हो तो वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था भी की जाए। अंत में एडीएम ने नवीन तहसील भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सोनाली राजपूत एसडीएम भांडेर, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, राजस्व विभाग के कर्मचारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें : सविता शर्मा

नवभारत न्यूज

दतिया, 16 जुलाई। विशेष नशामुक्ति जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत 17 जुलाई को दतिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा विद्यालयों एवं कॉलेजों में नशा विरोधी व्याख्यान, लघुकृत फिल्म प्रदर्शन और जन-जागरूकता अभियान आयोजित किए गए। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणजनों को नशे के दुष्प्रभाव, इसके सामाजिक और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। नशा मुक्ति पर आधारित लघु फिल्म के माध्यम से छात्रों को गहराई से जागरूक किया गया। साथ ही यह सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिए गए कि विद्यालय परिसरों एवं उनके आसपास किसी भी प्रकार की सिगरेट तंबाकू की गुमटी दुकान संचालित न हो। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित नागरिकों को नशे से दूर रहने और अपने आस-पास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही, नशा मुक्ति पंपलेट का वितरण भी किया गया। छात्रों को निम्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। मानस हेल्पलाइन 1933, नेशनल सुसाइड हेल्पलाइन 14416, नशा-मुक्ति हेल्पलाइन 14446 मध्यप्रदेश पुलिस नार्कोटिक्स विभाग छात्रों को यह भी प्रेरित किया गया कि दुरसड़ा थाना प्रभारी सविता शर्मा ने कहा कि छात्र अपने परिजनों, रिश्तेदारों और पड़ोसियों को भी नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें।